Total Printed Pages-4 JI/2024 Total Ques.-23

# त्रैमासिक परीक्षा सत्र 2024–25

## कक्षा–10वीं

समयः3.00 घण्टे विषय–हिन्दी (विशिष्ट) पूर्णांक–75

निर्देशः–

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(3) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। जिनके लिये 1 x 25 = 25 अंक निर्धारित है।

(4) प्रश्न क्र. 06 से 15 मे प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित है प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दो में लिखिए।

(5) प्रश्न क्र. 16 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निधारित है । उत्तर लगभग 75 शब्दो लिखिए।

(6) प्रश्न 19 से 22 तक प्रति 01 प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित है । उत्तर लगभग 120 शब्दो लिखिए।

(7) प्रश्न 23 के लिए 05 अंक निर्धारित है । उत्तर लगभग 250 शब्दो लिखिए।

---

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए– (5)

(1) गोपियों को ज्ञान व योग की बातें लगती हैं–

(क) मधुर (ख) नीरस (ग) कड़वी ककड़ी सी (घ) अग्नि सी

(2) नेताजी की मूर्ति तैयार करने वाले मूर्तिकार का नाम था–

(क) मोतीलाल (ख) किशोरीलाल (ग) रामलाल (घ) श्यामलाल

(3) सूर्य के पद की भाषा है–

(क) खड़ी बोली (ख) ब्रज (ग) मैथिल (घ) बघेली

(4) भोलानाथ के ललाट पर कौन तिलक सुशोभित होता था–

(क) केशर का (ख) भभूत का (ग) कुमकुम का (घ) चन्दन का

(5) षांत रस का स्थायी भाव है–

(क) रति (ख) निर्वेद (ग) शोक (घ) क्रोध

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (5)

(1) समास के ............................................प्रकार होते हैं। (छः/चार)

(2) काव्य के मुख्यतः ............................................भेद होते हैं। (दो/तीन)

(3) सूरदास जी मुख्यतः ............................................रस के कवि हैं। (श्रृंगार/वात्सल्य)

(4) राम लक्ष्मण के गुरू का नाम ............................................था। (परशुराम/विश्वामित्र)

(5) संचारी भावों की संख्या ............................................होती हैं। (पैंतीस/तैंतीस)

प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइये– (5)

| | |
|---|---|
| (1) विनय पत्रिका | (क) अट नहीं रही है |
| (2) कामायनी | (ख) नागार्जुन |
| (3) साहित्य लहरी | (ग) जयशंकर प्रसाद |
| (4) युगधारा | (घ) तुलसीदास |
| (5) उत्साह | (ङ) सूरदास |

प्रश्न 4. सत्य / असत्य लिखिए— (5)

(1) रामचरित मानस एक खण्डकाव्य है।

(2) एकांकी में चार अंक होते हैं।

(3) जहाँ दोनों पद प्रधान होते हैं, वहाँ द्विगु समास होता है।

(4) चौपाई छन्द में 16 16 मात्राएँ होती हैं।

(5) बन ठन के आये, काले—काले मेघ में पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार का उदाहरण है।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए— (5)

(1) हिन्दी पद्य साहित्य को कितने भागों में विभाजित किया गया है ?

(2) भोलानाथ के पिता आटे की कितनी गोलियाँ गंगाजी में प्रवाहित करते थे ?

(3) "बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय" पंक्ति में कौनसा अलंकार है ?

(4) उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है ?

(5) जीवनी किसकी लिखी जाती है ?

प्रश्न 6. उद्धव के व्यवहार की तुलना किस—किस से की गई है ? (2)

अथवा

परशुराम के क्रोध करने पर राम और लक्ष्मण की जो प्रतिक्रियाएँ हुईं, उनके आधार पर दोनों के स्वभाव की एक—एक विशेषता अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 7. "माता का आँचल" पाठ के आधार पर लिखिए कि शिशु का नाम भोलानाथ कैसे पड़ा ? (2)

अथवा

कैप्टन की मृत्यु का समाचार देते वक्त पान वाला उदास हो जाता है, क्यों ?

प्रश्न 8. जार्ज पंचम नाक की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या—क्या यत्न किया ? (2)

अथवा

बाल गोबिन भगत की पुत्र वधु उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

प्रश्न 9. कहानी और उपन्यास में कोई दो अन्तर लिखिए। (2)

अथवा

भक्तिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 10. चौपाई छन्द की परिभाषा लिखिए। (2)

अथवा

छन्द की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 11. महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई दो मुख्य अन्तर लिखिए। (2)

अथवा

किन्ही दो खण्डकाव्य के नाम एवं उनके रचनाकारों के नाम लिखिए।

प्रश्न 12. रस की परिभाशा लिखिए एवं रस के अंगों के नाम लिखिए। (2)

अथवा

वीर रस की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का सन्धि—विच्छेद कर नाम लिखिए। (2)

हिमालय, जगदीश, मनोरथ

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं दो का समास विग्रह कर नाम लिखिए।

राजभवन, चौराहा, रात—दिन

प्रश्न 14. निपात शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

घी के दिये जलाना, आँखों का तारा

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए– (2)

(क) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है। (ख) वह आँख से काना है।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द में उत्तर लिखिए–

(क) जो ईश्वर पर विष्वास रखता हो। (ख) जिसकी कोई सीमा न हो।

प्रश्न 16. सूरदास जी अथवा जयशंकर प्रसाद जी की कोई दो रचनाएँ लिखते हुए उनकी विशेषताएँ लिखिए। (3)

प्रश्न 17. स्वयं प्रकाश अथवा रामवक्ष बेनीपुरी जी की कोई दो रचनाएँ एवं उनकी साहित्यिक वशेषताएँ लिखिए। (3)

प्रश्न 18. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए– (3)

(क) योग का महत्व (ख) मोबाईल फोन से लाभ या हानि

अथवा

"नेताजी का चश्मा" पाठ का उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (4)

श्रम साधना करने वाले को यश प्राप्त होता है और वैभव भी। श्रम करके एक निर्धन परिवार का बालक भी उच्च स्थान पर आसीन हो जाता है और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदल देता है। श्रम करके हमें अलौकिक आनन्द की प्राप्ति होती है तथा परम संन्तोष का अनुभव होता है। श्रम करने से हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है। शारीरिक श्रम करने वाले प्रायः दीर्घजीवी होते हैं। श्रम करने वाला विकट परिस्थितियों में भी नहीं घबराता है। आत्मविश्वास उनका रक्षक बन जाता है।

परिश्रम सफलता का मूलमंत्र है। बिना परिश्रम किए किसी को सफलता नहीं मिलती है। यदि मिलती है तो वह स्थाई नहीं होती। परिश्रम व्यक्ति में आत्म संन्तोश और आत्म निर्भरता की भावना लाता है। परिश्रम का कोई विकलप नहीं है। अतः परिश्रमी बनो।

प्रश्न– (क) श्रम का पर्यायवाची षब्द लिखिए। (ख) सफलता का मूलमंत्र क्या है ?

(ग) श्रम करने वालों का रक्षक कौन होता है ?

अथवा

निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

" कोशिश करने वालों की हार नहीं होती, लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती।
नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है, चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है, चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।"

प्रश्न– (क) चींटी की मेहनत बेकार क्यों नहीं होती ? (ख) "कोशिश" का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(ग) काव्यांश का उचित षीर्शक दीजिए।

प्रश्न 20. निम्नलिखित काव्यांश का सन्दर्भ,–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए– (4)

" अधौ, तुम हो अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यों जल मॉह तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।

**अथवा**

" नाथ संभुधनु भंजनिहारा।
होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही।
सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।

प्रश्न 21. निम्नलिखित गद्यांश का सन्दर्भ,–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए– (4)

"बार–बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश के खातिर घर–गष्हस्थी, जवानी–जिन्दगी सब कुछ होम देने वालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढ़ती है। दुखी हो गये।"

**अथवा**

" बाल गोबिन भगत मँझोले कद के गोरे–चिट्टे आदमी थे। साठ साल से ऊपर के ही होंगे। बाल पक गये थे, लम्बी दाढ़ी या जटाजूट तो नहीं रखते थे, किन्तु हमेशा उनका चेहरा बालों से ही जगमग किए रहता। कपड़े बिल्कुल कम पहनते। कमर में एक लंगोटी मात्र और सिर में कबीरपंथियों की सी कनपटी टोपी। जब जाड़ा आता एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामानन्दी चन्दन जो नाक के एक छोर से, औरतों के टीके की तरह शुरू होता। गले में तुलसी की जड़ों की एक बेडौल माला बॉधे रहते।

प्रश्न 22. अपने प्राचार्य को शाला शुल्क–मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

वार्षिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 से 120 शब्दों में निबंध लिखिए– (5)

(क) पर्यावरण प्रदूषण एवं निदान,
(ख) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन,
(ग) मेरा प्रिय खेल,
(घ) जल ही जीवन है

-----000-----